Session : 8
Date : 17-08-2006
Participants : Yadav Shri Anirudh Prasad (Sadhu),Athawale Shri Ramdas

>

Title: Need to expedite the construction of Delhi – Lucknow Gorakhpur-Gopalganj-Samastipur road under East West Corridor Quadrangle scheme.

श्री अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव (गोपालगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार एवं उत्तर प्रदेश के संगम स्थल पर अवस्थित गोपालगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सड़कों के मामले में उपेक्षित तो रहा ही, हमेशा से राट्रीय राजमार्ग भी केन्द्रीय अनुदानों एवं सहयोग के अभाव में अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाता रहा।

राट्रीय उच्च पथ 28 जो दिल्ली, लखनऊ, गोरखपुर, गोपालगंज होते हुए नेपाल की सीमा को छूते हुए असम तक जाता है, आर्थिक एवं सामरिक दृटिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण है। मैं उत्तर प्रदेश का देवरिया जनपद मुख्यालय से पगरा, विजयीपुर, मीरगंज, सिवान, छपरा होते हुए पटना को जोड़ने वाली अन्तर्प्रान्तीय सड़क पर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। इससे क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सकता है।

ज्ञात हो कि कुशीनगर, बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली एवं बौद्ध तीर्थ गया एवं राजगीर के सम्पर्क पथ का माध्यम गोपालगंज ही है, जो फाजिल नगर होते हुए समउर, मीरगंज, सिवान सहित बिहार की राजधानी को जोड़ने हेतु बोधगया तक जाती है। पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने हेतु राट्रीय मानचित्र पर थावे भवानी का भी महत्व है, जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित उत्तर भारत के तमाम पर्यटक आते हैं, जिसका माध्यम उपर्युक्त पथ ही है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि दिल्ली, लखनऊ, गोरखपुर, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर होते हुए असम तक जाने वाली सड़क को ईस्ट-वैस्ट कोरीडोर, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के अन्तर्गत लेकर उसका निर्माण पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों तक बढ़ाते हुए शीघ्र कराया जाये, ताकि परिवहन एवं पर्यटन से सरकार को राजस्व मिल सके तथा आम जनता को सुविधा मिल सके। धन्यवाद।

उपाध्यक्ष महोदय : यह तो आप लालू जी को खुद ही कह देते, तो हो जाना था।

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : इसमें मैं भी अपने आपको एसोसिएट करता हूं।